रोपा | पानी से भरे खेतों में धान रोपा कार्य जोरों पर, किसान कर रहे थे लंबे समय से बारिस का इंतजार

# बारिस थमने, खाद, श्रमिकों की समस्या से किसान चिंतित



**नवभारत, बेलखाडू।** दस दिन पूर्व से लगातार पांच दिन हुई तेज बारिस ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि जगत के लिए सुखद रही। किसान लंबे समय से बारिश का इंतजार कर रहे थे। बारिस होने से अधिकतर खेतों में पर्याप्त पानी भर गया।

एक ओर धान की खेती बारिस की फसल कहलाती है वहीं बारिस का पानी खेतों भरने से धान की खेती के लिए रोपा लगाने हेतु यह समय अनुकूल है जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में रोपा कार्य तेजी से चल रहा है।

### श्रमिकों की समस्या है बड़ी

किसानों का कहना है कि रोपा कार्य तेजी से करने के लिए बड़ी संख्या में श्रमिकों की आवश्यकता होती है जब पूरे क्षेत्र में एक साथ रोपा कार्य का अनुकूल समय होता है तब श्रमिकों की कमी हो जाती है जिससे रोपा का कार्य समय पर नहीं होता और खेती पिछड़ती है।

### खाद और बारिस रुकने से बढ़ी किसानों की चिंता

किसानों का कहना है कि रोपा कार्य तेजी से करना है वहीं खेती के लिए यूरिया जैसी अन्य खाद की महती आवश्यकता है जो सरलता से उपलब्ध नहीं है। खाद की किल्लत किसानों की परेशानी का कारण बनी हुई है वहीं पिछले तीन दिनों से बारिस थम जाने से खेतों में भरा पानी धीरे धीरे सूख रहा है। रोपा कार्य पूर्ण करना समय की मांग है ऐसी स्थिति को देखते हुए जो खेत भर नहीं पाए उनमें किसान ट्यूब बेल से पानी चलाकर भर रहे हैं।



# भगवती मानव कल्याण संगठन ने पकड़ी 5 पेटी अवैध शराब

▸ शराब माफिया पर लगाया कुचलने का आरोप, पाटन पुलिस कर रही है मामले की जांच

**पाटन, नवभारत।** भगवती मानव कल्याण संगठन और भारतीय चेतना शक्ति पार्टी के कार्यकर्ताओं ने पाटन के सरैया तिराहे पर एक बोलेरो गाड़ी को पकड़ा जिसमें पांच पेटी अवैध देशी शराब रखी हुई थी। शराब को पकड़ने के बाद कार्यकर्ताओं ने मामले की सूचना पाटन पुलिस को दी।

बताया जाता है कि पाटन पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और एक आरोपी को बोलेरो में रखी शराब के साथ गिरफ्तार किया। भगवती मानव कल्याण संगठन के कार्यकर्ताओं का यह भी आरोप है कि जब वह शराब पकड़ रहे थे इसी दौरान एक कार जो शहपुरा रोड साइड से आई थी उसने उन्हें कुचलने की कोशिश की जिसके बाद उस कार को भी थाने लाया गया है भगवती मानव कल्याण संगठन के कार्यकर्ताओं का कहना है कि शराब माफियाओं की गुंडागर्दी से बिल्कुल भी डरने वाले नहीं हैं। अवैध शराब के खिलाफ उनका अभियान आगे भी जारी रहेगा और वह इलाके में अवैध शराब नहीं बिकने देंगे।

## एक नजर में

### इमली कुटी घाट पर चला स्वच्छता अभियान

**डिंडौरी, नवभारत 12 जुलाई।** रविवार को मैया अभियान के तहत इमली कुटी घाट पर व्यापक स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान घाट परिसर में फैली प्लास्टिक, कचरा एवं अन्य गंदगी को हटाकर घाट को स्वच्छ एवं स्नान योग्य बनाया गया। उपस्थित सदस्यों ने नगरवासियों से मां नर्मदा के घाटों की स्वच्छता बनाए रखने तथा प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने की अपील की। अभियान के दौरान सभी ने स्वच्छ एवं निर्मल घाट बनाए रखने तथा जनसहभागिता से पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। स्वच्छता अभियान में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) रामबाबू देवांगन, एमएस धुर्वे, जिला पंचायत के रामजीवन वर्मा, डॉ. संतोष परस्ते, ओमवीर, मनोज चौकसे, संतोष परमार तथा माही बरौतिया सहित मैया अभियान के सदस्य एवं अन्य नागरिक उपस्थित रहे।

### श्री रामेश्वर प्रसाद पटेल का निधन



**इंद्राना।** कैलवास (बुढ़ागर) निवासी श्री रामेश्वर प्रसाद पटेल बड़े बब्बू का 75 वर्ष की आयु में स्वर्गवास हो गया। आप प्रमोद पटेल के पिता, कामता प्रसाद पटेल, प्रहलाद पटेल के भाई थे, अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम ग्राम कैलवास में संपन्न हुआ।

# चोरी का सामान बरामद, आरोपी गिरफ्तार

▸ थाना इंदवार पुलिस ने चोरी का मामला सुलझाया



**चिल्हारी नवभारत।** थाना इंदवार पुलिस ने चोरी के मामले का सफल खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी गया सामान बरामद किया है।

बताया जाता है कि 6 जुलाई को फरियादी गोकरण लोनी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि अज्ञात चोर उसके बड़े बेटे के सूने मकान की छत की सीट हटाकर घर में घुस गया तथा घर में रखे बर्तन, अनाज एवं नकदी चोरी कर ले गया। रिपोर्ट पर थाना इंदवार में प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई। तकनीकी विश्लेषण एवं मुखबिर की सूचना के आधार पर आरोपी कुलदीप कुमार लोनी को गिरफ्तार किया गया।

### नकदी भी बरामद की गई

आरोपी के कब्जे से 123.200 किलोग्राम गेहूं, 33 किलोग्राम चावल, 9.200 किलोग्राम धनिया, 20 किलोग्राम उड़द, 5 कांसे के लोटे, 1 कांसे का गिलास, 5 कांसे की कटोरियां, 15 स्टील के गिलास, 25 स्टील की कटोरियां, 16 स्टील की चम्मच तथा नकदी बरामद की गई।

# अब ट्रिपिंग एवं फॉल्ट की समस्या से लोगों को मिलेगी निजात

▸ पाटन टाउन में व्यापक विद्युत मेंटेनेंस का किया जा रहा कार्य



**पाटन, नवभारत।** विद्युत विभाग के कार्यपालन अभियंता नवनीत राठौड के निर्देशानुसार पाटन वितरण केंद्र एक में पदस्थ पवन यादव के सुपरविजन में पाटन टाउन एवं ग्रामीण के लाइनमैन द्वारा पाटन टाउन क्षेत्र में आज दिनांक 12-7-26 को 6 टीम की उपस्थिति में व्यापक मेंटेनेंस कार्य किया गया। इस दौरान विद्युत लाइनों का निरीक्षण, खराब स्विच, ढीले जंपर एवं कंडक्टरों को ठीक करना, पेड़ों की शाखाओं की कटाई-छंटाई, आवश्यक मरम्मत तथा अन्य तकनीकी सुधार कार्य किए गए। इस दौरान नगर पालिका की गाड़ी की भी मदद ली गई।

इस विशेष मेंटेनेंस अभियान का उद्देश्य विद्युत आपूर्ति को अधिक सुरक्षित एवं निर्बाध बनाना है। विभाग का विश्वास है कि किए गए सुधार कार्यों से अनावश्यक ट्रिपिंग एवं फॉल्ट की घटनाओं में उल्लेखनीय कमी आएगी तथा उपभोक्ताओं को अधिक गुणवत्तापूर्ण एवं निरंतर विद्युत आपूर्ति प्राप्त होगी।

### विद्युत विभाग ने माना आभार

विद्युत विभाग ने इस दौरान सहयोग एवं धैर्य बनाए रखने के लिए सभी उपभोक्ताओं का आभार व्यक्त किया तथा भविष्य में भी बेहतर विद्युत सेवा उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयासरत रहने का आश्वासन दिया।

# बारिश में भी बांधवगढ़ का आनंद ले रहे सैलानी

▸ टाइगर रिजर्व पार्क का कोर भले ही बंद पर बफर क्षेत्र में चल रहीं पर्यटन गतिविधियां



**चिल्हारी नवभारत 12 जुलाई।** मानसून के कारण जिले के बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व का कोर पर्यटन क्षेत्र हर साल की तरह इस बार भी बीती 1 जुलाई से 30 सितंबर तक भले ही बंद है, लेकिन बफर इलाका पर्यटकों से अभी भी गुलजार है।

बारिश से निखरे जंगल, बहते झरने, नदी-नाले और वन्यजीवों की सहज गतिविधियां सैलानियों को रोमांचक अनुभव दे रही हैं। बीटीआर के क्षेत्र संचालक डॉ. अनुपम सहाय ने बताया कि गत 1 से 10 जुलाई 2026 के बीच पनपथा और धमोखर बफर क्षेत्र मे 300 से अधिक भारतीय और विदेशी पर्यटकों ने जंगल सफारी का आनंद लिया। इससे स्पष्ट है कि मानसून में भी बांधवगढ़ का आकर्षण बना हुआ है अतिथियों को धमोखर बफर क्षेत्र सबसे अधिक भा रहा है। यहां एक बाघिन अपने शावकों के साथ नियमित रूप से दिखाई दे रही है। घने जंगल में शावकों की अठखेलियां और बाघिन के साथ उनकी स्वाभाविक गतिविधियां पर्यटकों के लिए यादगार अनुभव बन रही हैं। इसके अलावा तेंदुओं की नियमित मौजूदगी भी सफारी के रोमांच को बढ़ा रही है।

### पर्यटकों को लगातार हो रहे बाघ के दर्शन

पनपथा बफर क्षेत्र में भी पर्यटकों को लगातार बाघ के दर्शन हो रहे हैं, जिससे यहां आने वाले पर्यटक उत्साहित हैं। उल्लेखनीय है कि मानसून मे बांधवगढ़ का प्राकृतिक सौंदर्य अपने चरम पर पहुंच जाता है। वर्षा से धुले सघन वन, हरियाली से ढकी पहाड़ियां, कल-कल बहते नदी-नाले, झरने और वन्यजीवों की सक्रियता मिलकर मनमोहक दृश्य प्रस्तुत करते हैं।

# विहिप एवं बजरंग दल ने की मंदिर में साफ-सफाई

▸ पुराने वीरान मंदिरों के संरक्षण का चलाया जा रहा अभियान



**अमरपुर नवभारत 12 जुलाई।** बजरंग दल एवं विश्व हिन्दू परिषद के सदस्यों द्वारा संयुक्त रूप से पौधरोपण एवं पुराने वीरान मंदिरों के संरक्षण का कार्यक्रम चलाया जा रहा हैं।

इसी तारतम्य में समनापुर रैयत में वर्षो से वीरान पड़े हनुमान दादा मंदिर के जीर्णोद्धार का बीड़ा उठाकर बजरंग दल एवं विश्व हिन्दू परिषद के सदस्यों ने सुबह से ही बड़ी संख्या में मंदिर के पास एकत्र हुए तथा उसके आसपास उगे खरपतवार की सफाई कर सभी सदस्यों ने मंदिर को अच्छे तरीके से साफ कर उसका रंगरोगन किया। तत्पश्चात बजरंगी दादा की मूर्ति को धोकर सिन्दूर चढ़ाया गया।

### हनुमान चालीसा पाठ किया

सभी सदस्यों ने अंत में हनुमान चालीसा का पाठ कर प्रभु से आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके साथ ही शासकीय महाविद्यालय अमरपुर एवं हनुमान टेकरी में पौधरोपण किया गया। बजरंग दल के सदस्यों ने सभी ग्रामीणों से अपने इस प्रण को पूरा करने के लिए आगे आकर सहयोग प्रदान करने की अपील की।

# गड्ढे में उतरी बस, 40 यात्रियों की बची जान

▸ देवगांव डायवर्सन पर बड़ा हादसा टला



**नौरोजाबाद नवभारत 12 जुलाई।** जिले के नौरोजाबाद, देवगांव मार्ग पर रविवार को एक बड़ा सड़क हादसा टल गया। सतना से शहडोल जा रही गहरवार ट्रेवल्स की यात्री बस अचानक सड़क किनारे बने गहरे गड्ढे में उतर गई। बस में करीब 40 यात्री सवार थे। राहत की बात यह रही कि सभी यात्री सुरक्षित रहे और किसी को भी चोट नहीं आई।

बस चालक फैज ने बताया कि देवगांव डायवर्सन से गुजरते समय सामने से अचानक एक कार आ गई। आमने-सामने की टक्कर से बचने के लिए उन्होंने बस को सड़क के किनारे मोड़ा, लेकिन डायवर्सन मार्ग पर बने गहरे गड्ढे में बस का पहिया उतर गया। इससे बस असंतुलित होकर वहीं फंस गई।

### कुछ देर मची अफरा-तफरी

बस के अचानक गड्ढे में उतरते ही यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई। कई यात्री घबरा गए और बस से बाहर निकलने की कोशिश करने लगे। हालांकि चालक और अन्य लोगों की मदद से सभी यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। घटना में किसी के घायल होने की सूचना नहीं है

### बस निकालने का प्रयास जारी

घटना के बाद बस को गड्ढे से बाहर निकालने के लिए प्रयास शुरू कर दिए गए। कुछ समय तक मार्ग पर यातायात भी प्रभावित रहा। स्थानीय लोगों ने संबंधित विभाग से डायवर्सन मार्ग की तत्काल मरम्मत कराने और सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम करने की मांग की है, ताकि इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति नहीं हो।

# अतिक्रमण हटाने गये वनकर्मियों पर सब्बल व लाठियों से हमला



**नवभारत उमरिया 12 जुलाई।** जिले के चंदिया थाना क्षेत्र अंतर्गत नरवार गांव मे वन भूमि से अतिक्रमण हटाने पहुंची वन विभाग की टीम पर ग्रामीणों ने हमला कर दिया। हमले में दो वनकर्मी घायल हो गए।

इस दौरान बदमाशों ने विभाग की बाइक भी क्षतिग्रस्त कर दी। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार चंदिया वन परिक्षेत्र के नरवार गांव मे वन भूमि पर अतिक्रमण की शिकायत मिलने पर वनरक्षक सतेंद्र प्रजापति, विमलेश गुप्ता और संतोष राय कार्रवाई के लिए पहुंचे थे। इसी दौरान अतिक्रमण कर रहे कुछ ग्रामीणों ने कर्मचारियों के साथ विवाद करते हुए उन पर लाठी-डंडों और सब्बल से हमला कर दिया। घटना के बाद घायल वनकर्मियों की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है।

# 11 बी ग्रेड के सचिवों की हुई पदोन्नति

▸ सिहोरा कृषि उपज मंडी समिति की सचिव सविता धुर्वे भी पदोन्नत



**सिहोरा, नवभारत।** मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड ने विभागीय पदोन्नति समिति की अनुशंसा पर बड़ा प्रशासनिक फैसला लेते हुए 11 सचिव-ब अधिकारियों को सचिव-अ पद पर पदोन्नत किया है। यह आदेश 9 जुलाई को भोपाल स्थित मुख्यालय से जारी किया गया।

जारी आदेश के अनुसार 8 जुलाई को आयोजित विभागीय पदोन्नति समिति की बैठक में चयनित अधिकारियों को सातवें वेतनमान के लेवल-12 (56100-177500) में पदोन्नति प्रदान की गई है। सभी अधिकारियों को कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश भी जारी कर दिए गए हैं।

### नियमों के तहत हुआ प्रमोशन

आदेश में स्पष्ट किया गया है कि पदोन्नति प्रक्रिया मध्यप्रदेश लोक सेवा (पदोन्नति) नियम 2025 एवं आरक्षण नियम 1994 के प्रावधानों के अनुसार की गई है। साथ ही यह भी उल्लेख किया गया है कि यह पदोन्नति न्यायालय में लंबित प्रकरणों के अंतिम निर्णय के अधीन रहेगी।

### तत्काल प्रभाव से लागू

मंडी बोर्ड ने निर्देश दिए हैं कि सभी पदोन्नत अधिकारी अपने वर्तमान पद से मुक्त होकर शीघ्र उच्च पद का कार्यभार ग्रहण करें। इस निर्णय को मंडी प्रशासन में कार्यकुशलता बढ़ाने और व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है।

### इन अधिकारियों को मिला लाभ

पदोन्नति पाने वालों में सिहोरा से सविता धुर्वे, सुश्री ऋतु गडकवाल, योगेश नागले, ओमप्रकाश खेड़े, सुरेश कुमार परते, रस्सु वसुनिया, अर्चना सहलाम, रजनी वर्मा, किशोर कुमार नरगांव, हिम्मत सिंह जगर तथा अरविंद कुमार परिहार शामिल हैं। ये सभी अधिकारी वर्तमान में विभिन्न कृषि उपज मंडी समितियों एवं मंडी बोर्ड मुख्यालय में पदस्थ हैं।

सम्मान | एबीवीपी स्थापना दिवस पर मेधावी छात्रों का हुआ सम्मान

# विद्यार्थी शक्ति ही राष्ट्र की असली शक्ति है : अनुपम सराफ



**सिहोरा, नवभारत।** आज का विद्यार्थी ही आज का नागरिक है। विद्यार्थियों को केवल अपने अधिकारों का ही नहीं, बल्कि अपने कर्तव्यों का भी पूर्ण ज्ञान होना चाहिए।' यह उद्गार अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की पूर्व जिला संयोजक एवं समाजसेवी अनुपम सराफ ने एबीवीपी के 78वें स्थापना दिवस पर आयोजित मेधावी छात्र-छात्रा प्रतिभा सम्मान समारोह में व्यक्त किए।

स्थानीय आदित्य पैलेस, सब्जी मंडी सिहोरा में आयोजित इस कार्यक्रम में श्री सराफ ने विद्यार्थियों को अध्ययन के साथ-साथ समाज और देश के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को समझने और निभाने की प्रेरणा दी। उन्होंने युवाओं से रचनात्मक गतिविधियों के साथ-साथ नशा उन्मूलन जैसे सामाजिक कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।

### आलोचना से घबराने की बजाय आगे बढ़ना चाहिए

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि संध्या दुबे ने अपने संबोधन में कहा कि विद्यार्थी अपनी शारीरिक, बौद्धिक एवं भौतिक शक्तियों का जागरण कर समाज, परिवार और राष्ट्र के लिए महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। उन्होंने कहा कि आलोचना से घबराने की बजाय उससे सीख लेकर आगे बढ़ना चाहिए और जीवन में स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित कर उसे प्राप्त करने के लिए निरंतर प्रयास करना चाहिए।

मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित विद्यार्थी परिषद के नरसिंहपुर विभाग संयोजक सिवान दुबे ने राष्ट्रीय विद्यार्थी दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद अपने स्थापना काल से ही छात्र शक्ति को राष्ट्र शक्ति के रूप में संगठित करने का कार्य कर रही है। उन्होंने परिषद की कार्यपद्धति, छात्रहित में किए गए आंदोलनों एवं सेवा कार्यों की जानकारी देते हुए विद्यार्थियों से संगठन से जुड़कर राष्ट्र निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया। कार्यक्रम में नगर के विभिन्न विद्यालयों से आए सैंकड़ों विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। पूरे आयोजन के दौरान राष्ट्रभक्ति, अनुशासन और ऊर्जा से परिपूर्ण वातावरण बना रहा। अंत में प्रांत कार्यकारिणी सदस्य प्रियांशु विश्वकर्मा ने आभार व्यक्त किया तथा वंदे मातरम् के सामूहिक गायन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर परिषद के पूर्व कार्यकर्ता एवं समाजसेवी राजेश दाहिया, सतीश पटेल, अनिल पिल्ले, दीपक साहू, आनंद श्रीवास सहित विभाग छात्रा प्रमुख सुश्री राशि जैन, जिला संयोजक शरद शर्मा, प्रांत कार्यकारिणी सदस्य शरद कुशवाहा, नगर सहमंत्री प्रदीप पटेल, उज्जवल सोनी, सावंत ठाकुर, श्रीकांत यादव, महाविद्यालय इकाई मंत्री लक्ष्मी गर्ग, उपाध्यक्ष सुश्री पल्लवी राय, काजल पटेल, साहिल जोगी एवं नगर के अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।